कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–8, दिसंबर 2012

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## नया साल, नई ऊर्जा, नई चुनौतीयां

दोस्तों, सबसे पहले मैं कामधेनु परिवार के सभी सदस्यों को नववर्ष की मंगलमय बधाई देता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि साल 2013 कामधेनु इस्पात और कामधेनु पेंट्स से जुड़े सभी डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, कर्मचारियों और ग्राहकों के लिए बहुत ही शुभ साबित होगा।

मित्रों, नया साल हम सभी के लिए नई ऊर्जा से ओतप्रोत होकर नई चुनौतियों का सामना करने का अवसर लेकर आया है। नए साल के मौके पर हमें नए लक्ष्य तयकर उन्हें कामयाबी के साथ पाने की मुहिम शुरू कर देनी है।



> “ बाजार की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिये कामधेनु के पास है उच्च तकनीकी और बेहतर उत्पादन क्षमता ”

बीता साल भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हुआ है। इस दौरान देश की जीडीपी विकास दर पिछले 9 साल के न्यूनतम स्तर पर पहुँच गई। हालाँकि वित्त मंत्रालय के ताजा अनुमानों के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था अपने सबसे बुरे दौर से गुजर गई है लेकिन आने वाले समय में हालात बेहतर होंगे। माँग में बढ़ोत्तरी होने के साथ–साथ उद्योग जगत में भी तेजी आने की उम्मीद है। ऐसे में कामधेनु इस्पात लिमिटेड को आगे आने वाले मौकों का पूरा फायदा उठाने के लिए तैयार रहना है। हमनें अपनी उत्पादन तकनीकी को भी बेहतर किया है और हम उत्पादन को भी बढ़ा सकते हैं।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट इकाई ने चुनौतीपूर्ण परिवेश में भी पिछले वित्त वर्ष में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान पेंट इकाई का राजस्व करीब 33% बढ़ा। हमें नए साल में पेंट इकाई के कारोबार को और अधिक ऊँचाइयों तक ले जाना है।

कामधेनु पेंट्स ने अपने जाने–माने ब्रैंड ***Colour Dreamz*** के तहत शीन एन शाइन, इको फ्रेश, कामोमेटालिका सहित कई उच्च गुणवत्ता के पेंट पेश किए हैं जो कि हर वर्ग के लोगों की जरूरत को पूरा करते हैं। कामधेनु पेंट नए साल में नए ब्रैंड पेश करेगी। इस दौरान कंपनी पर्यावरण के अनुकूल पेंट पेश करने के लिए खासतौर पर जोर देगी। कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपनी पेंट इकाई के विस्तार के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रही है।

नए साल में कामधेनु पेंट्स अपना डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क और मजबूत करेगी। कंपनी की फिलहाल देश भर में 6000 से ज्यादा डीलर्स हैं। कंपनी डीलर्स की संख्या में और बढ़ोत्तरी करेगी ताकि देश के कोने–कोने तक कामधेनु पेंट्स के उत्पाद पहुँच सकें।

कामधेनु पेंट्स आज देश की 6 सबसे बड़ी पेंट कंपनीयों में शामिल है। कंपनी की इस कामयाबी में डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स का अहम योगदान है। कंपनी बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को हमेशा प्रोत्साहित करती है और उनके लिए नये–नये प्रोत्साहन योजनाएं भी लांच करती रहती है। नए साल में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को विशेष इनाम देकर उनको सम्मानित किया जायेगा।

मुझे पूरा भरोसा है कि साल 2013 में कामधेनु समूह कामयाबी की नई ऊँचाई को छूने में कामयाब रहेगा। एक बार फिर मेरी ओर से कामधेनु परिवार के सभी सदस्यों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं !

धन्यवाद,

**सौरभ अग्रवाल**

निदेशक, कामधेनु इस्पात लिमिटेड



# गुजरात में मोदी की हैट्रिक, हिमाचल में कांग्रेस की वापसी



केन्द्र के सिंहासन का सेमीफाइनल कहे जाने वाले गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और बीजेपी बराबरी पर छूटे। एक ओर जहाँ गुजरात में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ने जीत की हैट्रिक बनाई, वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने बीजेपी से गद्दी छीन ली।

गुजरात में बीजेपी ने 182 में से 115 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। हालाँकि पार्टी को 2007 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले 2 सीटें कम मिली हैं। वहीं कांग्रेस के खाते में 61 सीटें आई हैं। कांग्रेस ने 1990 के विधानसभा चुनावों के बाद सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं।

नरेंद्र मोदी की लगातार तीसरी जीत से उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने की माँग तेज हो गई है। पार्टी के कई नेता उन्हें औपचारिक तौर पर 2014 के लोकसभा चुनावों के लिए बीजेपी की ओर से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने की मांग कर रहे हैं। हालाँकि पार्टी नेतृत्व ने अभी तक इस मामले को लेकर साफ तौर पर कुछ नहीं कहा है।

दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने 68 में से 36 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है और श्री वीरभद्र सिंह राज्य के अगले मुख्यमंत्री बन गये हैं। बीजेपी को एंटी इनकंम्बेंसी फैक्टर की वजह से राज्य में हार का सामना करना पड़ा है। बीजेपी को इस बार केवल 26 सीटों से संतोष करना पड़ा।




# देश में खुलेंगे नए बैंक

देश में नए बैंक खुलने का रास्ता साफ हो गया है। संसद ने बैंकिंग संशोधन बिल पास कर दिया है। नया बिल लागू होने के बाद कारोबारी घरानों और वित्तीय संस्थाओं को नए बैंकिंग लाइसेंस मिल सकेंगे। इसके साथ ही साथ भारतीय रिजर्व बैंक को ज्यादा नियामक अधिकार भी मिलेंगे।

राज्य सभा में संयुक्त चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा कि इससे बैंकिंग क्षेत्र को और अधिक मज़बूती मिलेगी। माना जा रहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक जल्दी ही नए बैंकिंग लाइसेंस के लिए अंतिम दिशानिर्देश जारी करेगा। उन दिशानिर्देशों पर खरी उतरने वाली कंपनीयां बैंकिंग लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकेंगी।

नए बैंक खुलने से बैंकों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और बैंकिंग सेवाओं के स्तर में भी सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही बैंकिंग सेवा की पहुँच भी बढ़ेगी, क्योंकि नए बैंकों को 25 फीसदी शाखाएं ग्रामीण इलाकों में खोलनी पड़ सकती हैं।

बैंकिंग क्षेत्र का नियमन करने वाले भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले एक दशक से कोई नया बैंकिंग लाइसेंस जारी नहीं किया है। भारतीय रिजर्व बैंक के 2001 में जारी किये गए दिशानिर्देशों के अनुसार केन्द्रीय बैंक बैंकिंग क्षेत्र के कामकाज की समीक्षा के बाद नए बैंक लाइसेंस जारी करेगा। पिछले दो दशक में केन्द्रीय बैंक ने 12 बैंकों को लाइसेंस दिया है।

नया बिल केन्द्र सरकार की आर्थिक सुधारों को तेज करने की कवायद का हिस्सा माना जा रहा है। राज्य सभा ने कर्ज वसूली कानून में संशोधन को भी पास कर दिया है। इससे व्यापारिक बैंको को अपने फंसे हुए कर्ज को वसूलने में ज्यादा आसानी होगी।

# बिहार में हुई मैसन मीट







देश की अग्रणी स्टील निर्माता कंपनीयों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड समय–समय पर मिस्त्रियों, ठेकेदारों और इंजीनियरों को अपने उत्पादों के बारे में जागरुक करती रहती है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए कामधेनु ने 3 दिसंबर को बिहार के समस्तीपुर में भव्य मैसन मीट का आयोजन किया।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से इस कार्यक्रम में श्री वाई आर पंडिता, जीएम (मार्केटिंग) शामिल हुए। बिहार में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के अधिकृत लाइसेंस एग्रीमेंट के अंतर्गत स्टील उत्पाद निर्माता मैसर्स दादीजी स्टील्स के मैनेजर श्री अखिलेश सिंह और मार्केटिंग अधिकारी श्री कृष्ण कुमार ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। इस बैठक में 250 से ज्यादा मिस्त्री, ठेकेदार, डीलर्स और सब–डीलर्स शामिल हुए।


मैसन मीट को संबोधित करते हुए श्री वाई आर पंडिता ने कहा, "अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता के उत्पादों की वजह से कामधेनु इस्पात लिमिटेड बिहार में चोटी के स्टील ब्रैंड्स में शामिल हो गया है। राज्य में निर्माण की नई लहर के साथ ही कामधेनु के उत्पादों की मांग में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। कंपनी राज्य में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए आपूर्ति बढ़ाने पर भी विचार कर रही है।

इस अवसर पर मैसर्स दादीजी स्टील्स के मैनेजर श्री अखिलेश सिंह ने ग्राहकों के लिये उच्च गुणवत्ता के कामधेनु उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

कामधेनु के वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में मौजूद मिस्त्रियों और ठेकेदारों को कामधेनु के उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सरिये के सही इस्तेमाल के तौर–तरीकों के बारे में भी बताया। कामधेनु के अधिकारियों ने बताया कि स्टील किसी भी निर्माण में रीढ़ की हड्डी की तरह काम करता है। ऐसे में स्टील की गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता।

यह कार्यक्रम समस्तीपुर में कामधेनु के डीलर मैसर्स सुरेखा ट्रेडर्स के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान मैसर्स सुरेखा ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर श्री अनिल सुरेखा को बेस्ट सपोर्टिंग डीलर के खिताब से नवाजा भी गया।

कामधेनु के अधिकारियों ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डीलर्स और सब–डीलर्स को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने डीलर्स के लिए कंपनी की ओर से चलाई जा रही प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी भी दी। डीलर्स ने भी कामधेनु के अधिकारियों को जिले में बिक्री में और बढ़ोत्तरी करने का पूरा भरोसा दिलाया।







## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री विक्रम शर्मा
**मैसर्स विक्रम आयरन स्टोर**
राजा का तालाब
जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश)
फोन. 9418050368, 9882350368

श्री मुख्तियार सिंह
**मैसर्स जोगिन्दर सिंह एण्ड सन्स**
धोद लोहे वाले, तलवंडी रोड, सुल्तानपुर लोधी
जिला– कपूरथला
फोन. 9465460016

श्री अनिल सुरेखा
**मैसर्स सुरेखा ट्रेडर्स**
गणेश चौक, समस्तीपुर, बिहार
मो. 9334442727

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14






# हिमाचल में कामधेनु ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

हिमाचल प्रदेश में तेजी से विकसित होते पहाड़ी शहरों में सोलन भी एक है, जहाँ जगह–जगह नए निर्माण हो रहे हैं। ऐसे में स्टील कारोबार के नजरिये से सोलन बेहद प्रगतिशील शहरों में शामिल हैं।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने सोलन के हेमानी होटल में 17 नवंबर को एक भव्य ठेकेदार एवं मिस्त्री जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सोलन और आसपास के ठेकेदारों और मिस्त्रियों को कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के बारे में जागरूक बनाना था।

इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के श्री राकेश मिसरी, जीएम (मार्केटिंग), श्री सुनील सेन, सीनियर मैनेजर (मार्केटिंग) और श्री अतुल, क्वालिटी इंजार्च ने कंपनी का प्रतिनिधित्व किया। वहीं इस कार्यक्रम में सोलन में कामधेनु के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर श्री मोहन अग्रवाल और श्री बलवंत चौधरी ने भी शिरकत की। इस कार्यक्रम में सोलन और आसपास के इलाकों के 50 से ज्यादा ठेकेदार और मिस्त्री शामिल हुए।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के जीएम (मार्केटिंग) श्री राकेश मिसरी ने ठेकेदार और मिस्त्री बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा, "कामधेनु देश की उन चुनिंदा कंपनीयों में हैं जो एफई 415, 500 और 500 डी जैसी बेहतरीन गुणवत्ता वाले टीएमटी स्टील सरिया का निर्माण करती हैं। कामधेनु इस्पात के उत्पादों का इस्तेमाल देश में बुनियादी ढांचा क्षेत्र की बड़ी–बड़ी परियोजनाओं में हो रहा है। साथ ही ठेकेदार और मिस्त्री भी कामधेनु के उत्पादों का इस्तेमाल करने की वकालत करते हैं।"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीनियर मैनेजर, श्री सुनील सेन ने बताया कि बहुत कम समय में कामधेनु ने अपना कारोबार पूरे देश में फैला लिया है। कंपनी के उत्पाद आज देश के कोने–कोने में उपलब्ध हैं। कामधेनु के पास 50 से ज्यादा फ्रैंचाइजी युनिट हैं और देश भर में कंपनी के 8,500 से ज्यादा डीलर्स– डिस्ट्रीब्यूटर्स हैं।

इस कार्यक्रम के दौरान कामधेनु इस्पात लिमिटेड के क्वालिटी इंचार्ज श्री अतुल ने उपस्थित ठेकेदार और मिस्त्री बंधुओं को कामधेनु के उत्पादों की तकनीकी बारिकियों से परिचित कराया। साथ ही उन्होंने कामधेनु के उत्पादों के सही इस्तेमाल के तौर–तरीकों की भी पूरी जानकारी दी।

श्री मोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी ठेकेदारों और मिस्त्रियों का शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ठेकेदारों और मिस्त्रियों ने कई सवाल भी पूछे जिनका कामधेनु के अधिकारियों ने उचित जवाब दिया।






Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com